**करोड़ों का मत्स्य कांड** | **पीएमएमएसवाय योजना बनी भ्रष्टाचार की चारागाह, 2024 के काम के लिए 2025 के एडवांस बिलों का खेल**

# नरसिंहपुर मत्स्य विभाग के 'कागजी तालाबों' में उग रही है गन्ने की फसल

**नवभारत/ नरसिंहपुर। चीचली।** जिले के मत्स्य विभाग ने विज्ञान के सारे नियमों को धता बताते हुए एक ऐसा चमत्कार कर दिखाया है, जिसे देखकर बड़े-बड़े जादूगर भी शरमा जाएं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत कागजों पर तो तालाब पानी से लबालब भरे हैं और उनमें मछलियां तैर रही हैं, लेकिन हकीकत में उन तालाबों की जमीन पर गेहूं और गन्ने की फसल लहलहा रही है। कागजों में मछली पालन और जमीन पर किसानी—यह दोहरा लाभ सिर्फ नरसिंहपुर के साहबों की मेहरबानी से ही मुमकिन है।



## टाइम मशीन वाला भ्रष्टाचार: 2025 की तारीखों में कटे बिल

भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए, विभाग के पास शायद टाइम मशीन है। जो काम साल 2024 में खत्म दिखाया जा चुका है, उसके बीज और खाद के बिल वर्ष 2025 की एडवांस तारीखों में लगाए गए हैं। यह सीधे तौर पर सरकारी खजाने में सेंधमारी और दस्तावेजों की कूटरचना का मामला है। आखिर ऑडिट विभाग की आंखों में धूल झोंकने के लिए इतनी हिम्मत कहां से आती है।

## जांच की दरकार : क्या खुलेगी फाइलों की परतें

जब इस महाघोटाले की परतें खुलीं और सहायक संचालक महोदया से जवाब मांगा गया, तो उनका जवाब किसी लोकतांत्रिक अधिकारी जैसा नहीं, बल्कि तानाशाह जैसा था। उन्होंने समाधान के बजाय धमकी देते हुए कहा— अगर किसी ने शिकायत की, तो उसी हितग्राही की रिकवरी का नोटिस थमा दूंगी।

बड़ा सवाल अब नरसिंहपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलना अब गुनाह है। क्या विभाग के अधिकारी अब शासन के नियमों से ऊपर होकर शिकायतकर्ताओं को डराने का लाइसेंस रखते हैं। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अदृश्य तालाबों का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन (Spot Verification) कराया जाए। अगर ईमानदारी से जांच हुई, तो MB (मेजरमेंट बुक) भरने वाले इंजीनियरों से लेकर भुगतान करने वाले अधिकारियों तक, लंबी कतार जेल की सलाखों के पीछे होगी। प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल क्या नरसिंहपुर कलेक्टर इस तालाब घोटाले पर संज्ञान लेकर दोषियों पर FIR दर्ज कराएंगे या फिर कागजों पर मछलियां ऐसे ही तैरती रहेंगी।

### ऊपर तक सेटिंग

- **बिस्कुट और बंदरबांट:** 50% नकद वसूली का खुला खेल
- सूत्रों के मुताबिक, योजना के नाम पर गरीब किसानों को मोहरा बनाया जा रहा है।
- **वसूली का गणित:** हितग्राही के खाते में 1.5 से 3 लाख रुपये का अनुदान डाला जाता है।
- **दहशत का तंत्र:** राशि आते ही बिचौलिए सक्रिय होते हैं और ऊपर तक सेटिंग के नाम पर 50% राशि नकद वसूल ली जाती है।
- **नतीजा:** न तालाब खुदता है, न मछली पालन होता है, बस सरकारी पैसा अधिकारियों और दलालों की जेब में तैर रहा है।
- **साहब का तुगलकी फरमान:** शिकायत की तो रिकवरी का डंडा ।




## राजश्री गुटखा में चल रही कालाबाजारी

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में राजश्री गुटखा की जम कर कालाबाजारी जारी है। जिसके चलते अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। जिसका प्रभाव उपभोक्ताओं पर ज्यादा पड़ रहा है ।40 रुपए मूल्य का गुटखा 45 और 50रुपये तक में बेचा जा रहा है ।गुटखे का सेवन करने वाले मजबूरी में गुटखा खरीदने मजबूर बने हुए हैं सूत्रों के मुताबिक बड़े व्यापारी और एजेंसी मालिक नियमों को ताक पर रखकर निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक दामों पर गुटखा बेच रहे हैं। इस अवैध वसूली के पीछे जीएसटी में 40प्रतिशत तक वृद्धि का हवाला दिया जा रहा है। जिसकी आड़ में एजेंसी मालिक दुकानदारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्रशासनिक निगरानी के अभाव में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। और उपभोक्ताओं में भारी रोष देखा जा रहा है ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य विभाग की निष्क्रियता के चलते काला बाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

# करंट लगने से महिला की मौत

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नगर के वार्ड क्रमांक 14 जामुनपानी में 30 वर्षीय महिला की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। महिला के के दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं (वह अपने पति सास ससुर और जेठ की पत्नी और बच्चों के साथ रहती थी। परिजनों के खेती बाड़ी के काम में सहयोग भी किया करती थी घटना के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार किया गया।



## मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

30 वर्षीय मृतिका रंजना पाली के मायके पक्ष ने इस घटना को सोची समझी साजिश बताते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मायके पक्ष ने जमकर हंगामा किया और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रंजना घर में लगी पानी की मोटर बंद करने के लिए खेत में गई थी इसी दौरान वह वहां फैले बिजली के खुले तारों की चपेट में आ गई। और हाथ में करंट से झुलस गई। मायका पक्ष घटनास्थल की स्थिति संदिग्ध रही है। महिला के हाथ में बांस की लकड़ी फंसी हुई पाई गई थी। करंट लगने के तुरंत बाद उसे परिजनों द्वारा सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका रंजना की मौत की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग बड़ी संख्या में तेंदूखेड़ा पहुंचे। मृतिका के भाई रामकुमार पाली ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन की हत्या की गई है । इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। लेकिन मृतिका के पति प्रदीप पाली ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे एक दुखद हादसा बताया है जो आरोप लगाये जा रहे हैं निराधार तथ्यहीन है।

## पुलिस सूक्ष्मता से कर रही जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सक्रिय हो गई है। इस संबंध में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी बीएल त्यागी का कहना है कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह महज एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है।

## परशुराम भवन में आज ब्राह्मण समाज का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह

**नरसिंहपुर।** सनातन ब्राह्मण महासभा जिला नरसिंहपुर के तत्वावधान में आज, 22 फरवरी रविवार को वार्षिक ब्राह्मण स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामयी कार्यक्रम स्टेशनगंज स्थित परशुराम भवन में आयोजित होगा। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें समाज के बंधु एक-दूसरे से भेंट कर सामाजिक एकता को सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर सामूहिक सह-भोज का भी आयोजन किया गया है।




# कार्मेल विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने अनाज संग्रह अभियान चलाया

**नवभारत/ करेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय 'करेली' में विगत वर्षों से संचालित 'चावरा स्पंदन' सोशल क्लब द्वारा निरंतर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के प्राचार्य फादर केल्विन के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा अनाज संग्रह अभियान चलाया गया। संग्रहित अनाज को समाजसेवी संस्था 'मेरे अपने' (संस्थापक- राजू भैया) को दान स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे जरूरतमंदों की सहायता की जा सके। इस पुण्य पहल में प्राचार्य फादर केल्विन, शिक्षिका वर्षा राजपूत, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# खेरी की उचित मूल्य दुकान पर लूट : सेल्समैन पर अधिक वसूली का आरोप

**नवभारत/चीचली।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगाने का मामला ग्राम खेरी से सामने आया है। यहाँ संचालित उचित मूल्य दुकान (अनाज समिति) के सेल्समैन पर ग्रामीणों ने शासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलने का गंभीर आरोप लगाया है। गरीबों के हक पर डाका डालने के इस खेल में स्थानीय प्रशासन और खाद्य विभाग की चुप्पी ने ग्रामीणों के आक्रोश को और भड़का दिया है।




## प्रति माह हो रही अतिरिक्त वसूली, हितग्राही परेशान

ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान पर राशन वितरण के दौरान प्रति किलो और प्रति माह के मान से अतिरिक्त रुपयों की मांग की जाती है। राशि न देने पर राशन देने में आनाकानी की जाती है। हितग्राहियों ने बताया कि एक ओर सरकार गरीबों को सस्ता अनाज देने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर सेल्समैन की मनमानी के कारण गरीब तबके को आर्थिक चपत लग रही है।

**नियमों की धज्जियां:** सेल्समैन नदारद, दूसरे करते हैं वितरण शिकायत में एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिकृत सेल्समैन स्वयं दुकान पर मौजूद नहीं रहता, बल्कि उसके द्वारा अन्य बाहरी व्यक्तियों से अनाज का वितरण कराया जाता है। यह मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश का खुला उल्लंघन है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि अधिकृत व्यक्ति ही वितरण कार्य करेगा।

**जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला, ग्रामीणों में बड़ा आक्रोश:** हैरानी की बात यह है कि जब इस मामले को लेकर अनाज सोसायटी के अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। अधिकारियों का कहना है कि इसकी शिकायत खाद्य विभाग में की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल रहे हैं, जिससे सेल्समैन के हौसले बुलंद हैं।

**कठोर कार्रवाई और FIR की मांग:** यह पूरा मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। ग्राम खेरी के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और नरसिंहपुर कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल मौके पर जांच दल भेजकर पंचनामा बनाया जाए।

## दो संभागों के 13 करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान के दौरान संभाग क्रमांक 2 और 11 में बार-बार सूचना देने के बाद भी जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है वैसे 13 करदाताओं के विरूद्ध निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह एवं कुलदीप तिवारी के द्वारा टीम के साथ करदाताओं की सम्पत्ति की कुर्की की कार्रवाई की गयी। दोनो संभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन करदाताओं की क्रमश: संभाग क्रमांक 2 मदन महल वार्ड अंतर्गत करदाता पर बकाया राशि 82 हजार 8 सौ 27 रूपये होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी, वहीं रजनी गुलाटी भवन स्वामी पर 1 लाख 30 हजार 8 सौ 57 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई और साथ ही तालाबंदी के साथ नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला के वार्ड क्रमांक 67 में भवन स्वामी पी.एस. आनंद पर ब्लॉक सी 511 शुभम रेसीडेन्सी पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक बी 310 शुभम रेसीडेन्सी पर 53 हजार 8 सौ 66, ब्लॉक सी 516 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 211 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक ए 105 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 513 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 518 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 514 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ब्लॉक सी 517 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये, ललित यादव पर 34 हजार 7 सौ 15 रूपये, एवं ब्लॉक सी 316 पर 44 हजार 9 सौ 55 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई कर नोटिस चस्पा किया गया। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक स्नेह शुक्ला, लक्ष्मण कोल आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम चांदोन निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपने साथी राहुल गुर्जर के साथ अपनी मोटर साइकिल से गांव जा रहा था। इस दौरान जब वह सोया प्लांट के पास पहुंचे तो वहां पर पीछे की ओर से एक रहे एक ट्रक के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने ट्रक को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके साथी को चोटे अपने के कारण पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## शराब पीने के लिये पैसे नहीं देने पर की मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के जमाडा रोड स्थित एक दुकानदार द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस अपनी दुकान पर था उसी समय पडौस में रहने वाला छत्रपाल सिलावट नामक युवक आया औश्र शराब पीने के लिये एक हजार रूपया की मांग की गई जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## वृद्ध के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई

**नवभारत/ गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर सालीचौका वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राम मनोहर पिता हरिशंकर श्रीवास्तव उम्र 71 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बारहाबडा रोड पर स्थित पान दुकान पर पान खाने के लिये गये हुये थें उसी दौरान प्रकाश चौरासिया आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## लोहे की पट्टी मारकर किया घायल

**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये शहर की मंगल सिटी निवासी एक कक्षा 11 वी की छात्र द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह जब अपने किसी काम से शनि मंदिर के पास से जा रहा था उसी समय अंशुल वंशकार नामक युवक मिला और गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपने हाथ में रखे हुये एक लोहे की पट्टी मारकर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पति-पत्नी के साथ लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाई

**नवभारत/ गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम जाईखेड़ा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने देवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर में लड्डू बनाकर रही थी उसी दौरान आरोपी देवर देवेन्द्र ठाकुर आया और बगैर किसी कारण के गलिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा उसे गाली देने से मना किया तो नही मानने के बाद प्रार्थिया द्वारा अपनी पति को फोन करते हुये बताया जिसके चलते प्रार्थिया का पति सुनील ठाकुर आया और भाई देवेन्द्र को समझाने का प्रयास किया।

# उद्घाटन से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा गोटेगांव

**नवभारत/ गोटेगांव।** बेहतर बुनियादी ढांचे और सुगम यातायात के सरकारी दावों की पोल गोटेगांव से नरसिंहपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर खुलती नजर आ रही है। करोड़ों की लागत से तैयार इस नवनिर्मित मार्ग का अभी विधिवत उद्घाटन भी नहीं हो पाया है और डामर उखड़ने के साथ ही सड़क की धज्जियां उड़नी शुरू हो गई हैं। गोटेगांव से लेकर सांकल, धमना, मालह पिपरिया, नयागांव और बाली तक का सफर अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सबसे बड़ा सवाल झामर के पास हाल ही में निर्मित नई पुलिया ने खड़ा किया है, जो एक तरफ से बुरी तरह धंस गई है। पुलिया धंसने के कारण सड़क पर बना गहरा और जानलेवा गड्ढा रात के अंधेरे में तेज रफ्तार वाहनों के लिए किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है। स्थानीय ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार और संबंधित विभाग की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके कारण जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रूपये स्वाहा होने के बाद भी जनसुविधा शून्य है, वर्तमान में सांकल-धमना मार्ग पर डामर कम और नुकीली गिट्टियां ज्यादा नजर आ रही हैं, वहीं मालह पिपरिया से नयागांव के बीच सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इन गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बाली सड़क के किनारे की मिट्टी धंसने से मार्ग भी संकरा हो गया है, जिससे भारी वाहनों के गुजरते समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रवासियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि पूर्व में भी कई निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।



# नगर पालिका की बड़ी कार्रवाई - अवैध नल कनेक्शन काटे और बकाया टैक्स वसूली

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर पालिका परिषद की राजस्व टीम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतेन्द्र शालवार के निर्देशन में टीम द्वारा संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया और धरोहर राशि की वसूली निरंतर की जा रही है। इसी कड़ी में श्री देवमुरलीधर वार्ड से 61,000 रूपये और बोस वार्ड में पानी की टंकी के पास वाले क्षेत्र से 31,700 रूपये के जलकर की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 92,700 रूपये का राजस्व संग्रहित किया गया। राजस्व वसूली की इस कार्रवाई के दौरान नगर पालिका ने सख्त कदम उठाते हुए तीन अवैध नल कनेक्शनों को विच्छेद कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त, आगामी 14 मार्च 2026, शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन विधिक प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार किया जाएगा। लोक अदालत के लिए संपत्तिकर, जलकर और दुकान किराए के बिल तैयार कर वितरित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिक छूट का लाभ उठाते हुए अपने करों का भुगतान कर सकें। इस अभियान में राजस्व टीम के मुख्य लिपिक एवं लेखापाल सुनील भनारे सहित कमलेश पटेल, वीरेन्द्र पटेल, रविशंकर पाठक, शरद तिवारी, रमेश रावत, विकास राजपूत, पंचम पटेल, हरिओम राय, हरिओम श्रीवास, लक्ष्मण पटेल, कृष्णकांत भनारे, संजय चांदोरिया, कमलकांत सिलवाट, गोपाल सेन, गुलाब चंद्र, दिलीप पिपरोलिया, योगेश यादव, अर्पित पटेल, मयूर दुबे और कौशल सोनी उपस्थित रहे।



# फरवरी के अंतिम सप्ताह में पंचग्रही योग, दिखेगा विश्व व्यापी प्रभाव

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** सम्पूर्ण जगत सूर्य आदि 9 ग्रहों से प्रभावित होता है। ग्रहों की अलगअलग राशियों में स्थिति के अनुसार हमें विश्व व्यापी परिवर्तन दिखाई देते हैं। फरबरी माह के अंतिम सप्ताह में नवग्रहों के राजा और इस बर्ष के राजा मंत्री के पद पर प्रतिष्ठित सूर्य के साथ उनके प्रबल शत्रु शुक्र राहु और बुद्धि विवेक के कारक बुध ऊर्जा साहस पराक्रम रक्त तकनीकी कला कौशल पुलिस सेना निडरता भूमि सम्पत्ति के कारक और ग्रहों के सेनापति मंगल के साथ लगभग एक सप्ताह के लिए पंच ग्रही योग बन रहा है। राशि विशेष में स्थित ग्रह अपनी अवस्था बल युति दृष्टि आदि से अपना प्रभाव दिखाते हैं।जब भी आकाश मंडल में चार पांच ग्रह एक राशि में आते है तो हमारी पृथ्वी रुधिर अथवा जल से आप्लावित हो जाती है।पंचग्रही योग पूरे विश्व को प्रभावित करता है ऐसा शास्त्रों में वर्णन है। विश्व स्तर पर राजनैतिक बदलाव प्राकृतिक आपदाओं की संभावना व्यापार में उतार चढ़ाव शेयर बाजार में अस्थिरता कई देशों में आर्थिक संकट बाहरी एवं गृहयुद्ध की संभावना धार्मिक मतभेद बडी राजनैतिक घोषणा अथवा राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन जैसी स्थिति उत्पन्न होना भूमि भवन प्रापर्टी के भावों में हलचल कई वस्तुओं के मूल्य में भारी उतार चढ़ाव के साथ रोग बीमारी का प्रकोप बढ़ने की संभावना होती है। आगामी कुछ महीनों में अग्नि भय अग्नि से संबंधित घटनायें हो सकती हैं। कुंभ राशि में बना पंचग्रही योग विशेष रूप से कर्क बृश्चिक कुंभ मीन राशि वाले जातकों को ज्यादा प्रभावित करेगा इसी पंचग्रही योग में मंगल राहु से अंगारक योग बनता है ।



## सूखाखेरी में श्री विष्णु महायज्ञ जारी

**चीचली।** क्षेत्र के समीपी ग्राम सूखाखेरी में 45 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन भव्य एवं विशाल कलश यात्रा से प्रारंभ हो चुका है। यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित होकर यज्ञ शाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। यज्ञ मे प्रतिदिन देव पूजन, हवन,आरती आदि धार्मिक आयोजन हो रहे है। शुक्रवार को रात्रि मे बुंदेली कथावाचक विपिन बिहारी जी महाराज का आगमन हुआ। उनके आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका ड़ोल बाजे के साथ आत्मीय स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज मे सनातन धर्म से जुड़े कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। सूखाखैरी मे श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन होना पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के आयोजन से सम्पूर्ण क्षेत्र का माहौल धर्ममय हो जाता है और यज्ञ स्थल की भूमि धन्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन मे सदाचार का होना जरुरी है क्योंकि अच्छे आचरण ही जीवन को सफल बनाता है। यहाँ उल्लेखनीय है कि यज्ञ मे प्रतिदिन दोपहर एवं रात्रि के समय प्रवचन होते है। इसके अलावा यज्ञ स्थल के पास प्रसाद एवं धार्मिक सामग्री की दुकाने भी लगी है। यज्ञ मे आने जाने वाले श्रद्धालुओ के वाहनों के लिए व्यवस्थित वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी है। इसके अलावा शुद्ध पेयजल, भोजन, प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी यज्ञ समिति द्वारा की गई है।



# तहसील कार्यालय के सामने मॉडल रोड पर अतिक्रमण की भरमार, प्रशासन की चुप्पी से राहगीर परेशान

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने तहसील कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण जगह के सामने ही मॉडल रोड की पट्टियों पर कब्जा जमा लिया है। स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की उदासीनता के चलते मॉडल रोड के दोनों ओर की पट्टियां पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे आम जनता को पैदल चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय के सामने स्थित मॉडल रोड की पट्टी पर होटल संचालकों और दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं, कुछ दुकानदारों ने तो गुपचुप तरीके से बिजली के अवैध कनेक्शन भी कर लिए हैं। इस अतिक्रमण के कारण सड़क किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे व्यस्त मार्ग काफी संकीर्ण हो गया है और यातायात प्रभावित हो रहा है। यही स्थिति जनपद पंचायत कार्यालय के सामने भी बनी हुई है, जहाँ अतिक्रमण की मानो बाढ़ आ गई हो। इसी तरह मॉडल रोड परमहंसी मार्ग पर भी अतिक्रमणकारियों ने सड़क को घेर रखा है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। नगर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका की इस लचर कार्यप्रणाली के कारण अतिक्रमणकारियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते इन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो सकते हैं।

